**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ**
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD**
Malleshwaram, Bengaluru – 560003.

# 2020-21 ಸಾಲಿನ ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ - 2
# 2020-21 MODEL QUESTION PAPER - 2

| | |
|---|---|
| **ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ** | **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 06-H** |
| **Subject : FIRST LANGUAGE HINDI** | **Subject Code : 06-H** |
| **ಅವಧಿ : 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷ** | **ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100** |
| **Time : 3 hrs. 15 minutes** | **Max. Marks : 100** |

**ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿಗಳಿಗೆ**
**Regular Fresh**

---

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1) इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर- वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 45 प्रश्न है।

2) यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दायें भाग को काटकर खोलें तथा जांच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं।

3) सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

4) प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

5) प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं। सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए। 6 x 1 = 6**

1. 'कम' शब्द का विलोम रूप है।

   A. काम

   B. थोड़ा

   C. ज्यादा

   D. सब

2. 'बादशाह' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है।

   A. बेगम

   B. राजा

   C. सम्राट

   D. नरेश

3. 'अनेक' शब्द का अन्य वचन रूप है।

   A. अधिक

   B. एक

   C. एकैक्य

   D. अनेकता

4. निम्नलिखित शब्दों में 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया' रूप है ।

   A. नच

   B. नचना

   C. नचाना

   D. नाचो

5. 'नूतन' शब्द का पर्यायवाची शब्द है।

   A. प्राचीन

   B. पुराना

   C. तन

   D. नया

6. 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है।

A. नींद आना

B. तैयार रहना

C. भाग जाना

D. सहायता करना

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए।** **4 x 1 = 4**

7. देवालय : : दीर्घसंधि : : भुवनेश्वरी : : ..................

8. भाई-बहन : : द्वन्द्व समास : : दोपहर : : ..................

9. जो चिकित्सा देता है : : चिकित्सक : : जो लेख लिखता है : : ................

10. आ रहे हैं : : वर्तमान काल : : कल आये थे : : .....................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए ।** **7 x 1 = 7**

11. पत्रों में क्या समाचार छपा था?

12. लेखक का स्वागत करने के लिए स्टेशन पर कौन आये थे?

13. मन्नू जी को सुखद आश्चर्य देनेवाला विषय क्या था?

14. मैना के बारे में रवीद्रंजी ने क्या कहा था?

15. कवि इकबाल के अनुसार मज़हब क्या नहीं सिखाता?

16. कवि उधार देने से क्यों डरता है?

17. जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन-सा है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।** **10 x 2 = 20**

18. विशेषज्ञों ने भ्रष्टाचार के बारे में क्या कहा?

19. पैरों में कील के चुभने पर भी रवीन्द्रनाथ चुप क्यों थे?

20. दिलावर खाँ और रहमान बेग देखने में कैसे थे?

21. रवीन्द्रजी ने श्रीनिकेतन में रहने का निर्णय क्यों लिया था?

22. 'सारे जहाँ से अच्छा' गीत की दूसरी पंक्ति आशय स्पष्ट कीजिए?

23. कवि बिहारी के अनुसार भ्रमर के व्यवहार से हमें क्या सीख मिलती है?

24. परिश्रमी व्यक्ति जीवन के रेतीले मैदान को कैसे पार करते हैं?

25. परिश्रम करने वाले क्या-क्या कर सकते हैं?

26. हेलन केलर प्रकृति सौंदर्य को कैसे पहचान लेती थी?

27. मित्र का जवाब सुनकर हेलन को आश्चर्य क्यों हुआ?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए ।** **2 x 3 = 6**

28. नगेन्द्र भट्टाचार्य

29. कबीरदास

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** **1 x 3 = 3**

30. जिनि ढूँढा तिनि पाइयाँ, गहरे पानी पैठि।
हौ बौरी डूबन डरी, रही किनारे बैठि।।

**VII. अलंकार पहचान कर लक्षण बताइए ।** **1 x 3 = 3**

31. चारु चंद्र की चंचल किरणें, खेल रही है जल थल में

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **4 x 3 = 12**

32. "मैंने अपने बच्चों को देखा तक नहीं।"

33. "अरे आज तो इकतीस है, आज तो ले लो।"

34. "सबसे उधार मांगा, सबने दिया।"

35. "मैं लड़कों के लड़कपन का खिलौना हूँ, मिठाई हूँ।"

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए ।** **3 x 3 = 9**

36. मन्नू जी ने राष्ट्रीय आंदोलन में अपनी भूमिका कैसी निभाई ?

37. पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए ?

38. जग का नव निर्माण किस प्रकार करें ?

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **1 x 4 = 4**

39. जग में सुख ......................................................

.....................................................................

.....................................................................

................................................ को गले लगाना।

अथवा

पैदा कर जिस ...................................................

.....................................................................

.....................................................................

..................................................स्वजीवन सारा।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए।** **1 x 4 = 4**

40. अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है।
ज्ञानियों का संग करना,
मानो दही मथकर माखन पाना है।
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
तुम्हारे भक्तों का संग करना।
मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है।

अथवा

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,
प्यास लगी तो तालाब – कुएँ हैं।
शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं।
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
मेरा आत्म-सखा तू ही है।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ – दस वाक्यों में लिखिए ।** 2 x 4 = 8

41. किन अपमानों के बाद गांधीजी उद्विग्न रहने लगे? विवरण दीजिए।

अथवा

चम्पारन की समस्या क्या थी? गांधीजी ने उसका निवारण किस प्रकार किया?

42. वेंकट राव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटराव ने क्या-क्या किया? विवरण दीजिए।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 2 x 2 = 4

43. विक्रम साराभाई बाल्यकाल से ही प्रतिभावान थे। जब उनकी उम्र मात्र दो वर्ष की थी, श्री रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भविष्यवाणी की थी कि यह बालक बड़ा होकर बहुत यश प्राप्त करेगा। उनकी यह भविष्यवाणी वास्तव में सत्य सिद्ध हुई और विक्रम साराभाई ने यथार्थत: एक महान एवं यशस्वी वैज्ञानिक के रूप में संपूर्ण विश्व में अपने ज्ञान एवं प्रतिभा का प्रकाश फैलाकर कीर्ति अर्जित की, विश्व में वह सदैव कास्मिक किरणों और परमाणु शक्ति अनुसंधान के लिए स्मरण किए जाते रहेंगे।

a. रवीन्द्रनाथ टैगोर की भविष्यवाणी क्या थी?

b. विक्रम साराभाई सदैव क्यों स्मरण किए जाते हैं?

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में लिखिए।** **1 x 5 = 5**

44. अपनी बड़ी बहन की शादी में जाने हेतु चार दिनों की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए।

अथवा

कोविड–19 बिमारी से हुए सामाजिक बदलाव के बारे में जानकारी देते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर बारह–पन्द्रह वाक्यों में निबंध लिखिए।** **1 x 5 = 5**

45. 1) दूरदर्शन
    2) मेरे प्रिय नेता।